BSES

70 ट्रांसफॉर्मरों का तेल चोरी होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित, एफआईआर दर्ज

- कुछ हफ्तों के भीतर 11 ट्रांसफॉर्मरों का तेल चोरी,
- आज तड़के चंदर विहार– आईपी एक्सटेंशन में ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी की घटना

नई दिल्लीः 18 अप्रैल, 2017। तेल चोरों के गैंग ने पिछले कुछ हफ्तों के भीतर बिजली के करीब 70 लाइव ट्रांसफॉर्मरों से तेल की चोरी कर ली, जिससे न सिर्फ बीएसईएस को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेल चोरी की लगातार हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बीएसईएस ने विभिन्न पुलिस थानों में इससे संबंधित एफआईआर दर्ज कराई है।

ताजा घटना आज तड़के 3 बजे की है, जिसमें आईपी एक्सटेंशन के पास चंदर विहार के बिजली ट्रांसफॉर्मर का तेल चोरी कर लिया गया, जिससे आसपास रहने वाले उपभोक्ताओं को कुछ देर के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही बीएसईएस ने वहां मोबाइल ट्रांसफॉर्मर लगाया, ताकि उपभोक्ताओं को कम से कम परेशानी हो।

इससे पहले, कल यानी 17 अप्रैल को भी तेल चोरी की दो घटनाएं हुईं। एक घटना मंडावली में जबकि दूसरी घटना कृष्णा नगर स्थित शास्त्री नगर में हुई।

पिछले कुछ हफ्तों के भीतर, चंदर विहार, मंडावली और शास्त्री नगर के अलावा, बदलेव पार्क, निर्माण विहार, जगतपुरी स्थित जीतर नगर, पांडव नगर स्थित समसपुर गांव, विनोद नगर, चिल्ला, नेबसराय, सरिता विहार, पालम, रघुबीर नगर और आरके पुरम में भी ट्रांसफॉर्मरों से तेल चोरी की घटनाएं हुई हैं।

पिछले वर्षों में भी ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी की घटनाएं होती रही हैं, लेकिन उनकी संख्या काफी कम थी। पुलिस व अन्य नागरिक संस्थाओं की मदद से चोरी की उन घटनाओं पर काबू पा लिया गया था।

इस बीच, बीएसईएस ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि लाइव ट्रांसफॉर्मरों से तेल चोरी की घटनाएं हुई हैं। खास बात यह है कि इन ट्रांसफॉर्मरों के इर्द–गिर्द स्टील की जालियां लगी हुई हैं और गेट पर ताले भी लगे हुए हैं। बीएसईएस ने पुलिस से अनुरोध किया है कि रात में पेट्रोलिंग के वक्त इस पर ध्यान दिया जाए।

इधर, बीएसईएस ने अपने स्तर पर भी विजिलेंस बढ़ा दी है। सर्विलांस टीम के अलावा, क्विक रेस्पॉन्स टीम भी तैनात की गई हैं, ताकि तेल चोरों के गैंग पर नजर रखी जा सके।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, ट्रांसफॉर्मरों से तेल चोरी की लगातार हो रही घटनाएं आश्चर्यनजक हैं। इससे न सिर्फ बीएसईएस को लाखों रूपये का नुकसान हो रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, तेल के अचानक निकाल लिए जाने की ट्रांसफॉर्मरों को गंभीर आंतरिक क्षति पहुंचने की आशंका भी है।

बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आसपास के ट्रांसफॉर्मरों व बिजली उपकरणों पर नजर रखें और कुछ भी शक होने पर तुरंत 100 नंबर पर पुलिस को सुचित करें।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।